प्रेस नोट

दिनाँक 31.10.2024

<u>गरिमामय सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह-</u>

हमीरपुर पुलिस लाइन में आज दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को एक गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के कार्यों की सराहना की।

<u>समारोह में निम्नलिखित अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया:-</u>

1. **उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस श्री मदन मोहन :-** जिन्होंने पुलिस सेवा में कई वर्षों तक अपना योगदान दिया व समाज की सुरक्षा एवं शांति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा कर्तव्यपरायणता और अनुशासन ने पुलिस विभाग में एक मिसाल कायम की और उन्होंने अपने समर्पण से विभाग को मजबूत किया। अपनी सेवाओं के दौरान पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने में अहम योगदान दिया।
2. **लीडिंग फायर मैन श्री धनी राम :-** जिनके उत्कृष्ट कार्य और प्रतिबद्धता ने पुलिस सेवा में उच्च मानक स्थापित किए। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभाग के लिए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं। अपनी बहादुरी और तत्परता से कई बार लोगों की जानें बचाई और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में इन सभी अधिकारियों के योगदान की प्रशंसा की और पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों ने न केवल विभाग बल्कि समाज के प्रति भी अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है। समारोह के अंत में, सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। पुलिस लाइन हमीरपुर के प्रतिसार निरीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने भी सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी। सभी ने मिलकर इन अधिकारियों की सेवा और समर्पण को नमन किया।